बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र0/BSPGCL–02/18 पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड की BTPS (2x110 MW) यूनिटों के जीर्णोद्धार के क्रम में ऊर्जा के मद में व्यय की गई राशि 14.00 करोड़ (चौदह करोड़) रूपये राज्य योजना से प्रतिपूर्ति की स्वीकृति एवं इसके लिए वित्तीय वर्ष 2017–18 में 14.00 करोड़ (चौदह करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध मे।**

आदेश–स्वीकृत।

बरौनी वाष्प शक्ति प्रतिष्ठान की इकाई संख्या 6 एवं 7 के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण का कार्य भेल के द्वारा एन0 टी0 पी0 सी0 की देख–रेख में भारत सरकार के स्पेशल प्लान (आर0 एस0 भी0 वाई0/बी0 आर0 जी0 एफ0) के अन्तर्गत कराया जा रहा है। HT/430 (7500 KVA) का उपभोग यूनिट संख्या 6 एवं 7 के जीर्णोद्वार में किया गया। नवीनीकरण में उपयोग होने वाले बिजली का उपभोग नवम्बर 2012 से जुलाई 2016 तक की अवधि में की गई है। इस मद में BTPS (2x110 MW) यूनिटों के जीर्णोद्वार के क्रम में उपभोक्ता संख्या–Chakia/HT 430 के विरूद्ध नवंबर 2012 से जुलाई 2016 तक की अवधि में राशि 14.00 करोड़ रूपये व्यय की गई है।

2. उक्त आलोक में बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड की BTPS (2x110 MW) यूनिटों के जीर्णोद्धार के क्रम में ऊर्जा के मद में व्यय की गई राशि 14.00 करोड़ (चौदह करोड़) रूपये राज्य योजना से प्रतिपूर्ति की स्वीकृति एवं इसके लिए वित्तीय वर्ष 2017–18 में 14.00 करोड़ (चौदह करोड) रूपये बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उक्त राशि मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपकमों में निवेश, उपशीर्ष–0111– बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लि0 की परियोजना, माँग सं0–10, विपत्र कोड– 10–4801051900111 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

4. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी0एल0 खाता) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00 लघु शीर्ष–120–अन्य निधियों, उपशीर्ष–0045 बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लि0, व्यय शीर्ष–L848001200045 एवं प्राप्तियॉ– K8448001200045 में जमा की जायेगी।

5. बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए पी0ए0 खाता संख्या PLA273 से की जाएगी।

6. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इसमें प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

7. उक्त योजना की स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार माननीय मंत्री का अनुमोदन संचिका संख्या प्र0/BSPGCL–02/18 के पृष्ठ संख्या 06/टि0 पर दिनांक 26.03.2018 को प्राप्त है।

8. राज्यादेश में आन्तरिक वित्तीय सलाहाकर की सहमति संचिका संख्या–प्र0/BSPGCL–02/18 के पृष्ठ संख्या–08/टि0 पर दिनांक–27.03.2018 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
(प्रत्यय अमृत)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPGCL–02/18 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार(लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPGCL–02/18 991 /पटना, दिनांक– 28/03/2018

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के प्रधान सचिव।